# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Sunday, 19 October 2025 | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 47 | Pages 04 | ₹3.00




People light 'diyas', earthen lamps, along the Kartavya Path as laser show lights up the sky during "Delhi Deepotsav" event, at the India Gate, in New Delhi, Saturday.

## India-Sri Lanka Ties Strengthen as PM Harini Amarasuriya Honoured in New Delhi



FAIR REPORT

**New Delhi:** A civic reception hosted by the India Foundation in New Delhi to honour Sri Lankan Prime Minister Dr. Harini Amarasuriya turned into a celebration of shared heritage, diplomacy, and regional cooperation.

Among the distinguished attendees was a senior Indian diplomat who expressed his privilege in meeting Dr. Amarasuriya, recalling with pride that she is an alumnus of his alma mater, Hindu College, University of Delhi. Reflecting on his long association with Sri Lanka, he noted that his professional journey with the island nation began in 1987, when he served as First Secretary (Political) at the Indian High Commission in Colombo.

The event was also graced by former President of India, Shri Ram Nath Kovind, and India Foundation President Shri Ram Madhav, symbolizing the depth of India-Sri Lanka relations — rooted in history, culture, and people-to-people connections.

Highlighting the growing energy partnership between the two nations, the diplomat emphasized the tripartite MoU between India, Sri Lanka, and the UAE to develop Trincomalee as a regional energy hub, along with cooperation in petroleum infrastructure and sustainable fuels under the Global Biofuels Alliance. The evening reaffirmed the shared vision of "Neighbourhood First" and "MAHASAGAR", championed by Prime Minister Narendra Modi, steering South Asia toward stability and sustainable growth.

### India's Gold Reserves Cross Historic $100 Billion Mark

# A NEW ERA IN Financial Strength

FAIR REPORT

**New Delhi:** In a landmark development, India's gold reserves have surpassed the $100 billion mark for the first time in history, signaling a new phase of financial resilience and global economic confidence in the country's monetary strategy. According to the Reserve Bank of India (RBI), this milestone reflects a steady accumulation of gold as part of the nation's foreign exchange reserves diversification policy. Over the past few years, India has consistently increased its gold holdings amid global uncertainties, inflationary pressures, and currency fluctuations. Experts say the surge underlines India's strategic shift toward safeguarding wealth through tangible assets like gold, which traditionally serves as a hedge against geopolitical risks and market volatility. "Crossing the $100 billion mark is not just symbolic — it represents India's growing financial maturity and trust in its macroeconomic fundamentals," said a senior economist from the National Institute of Public Finance and Policy.



India now ranks among the top 10 nations in global gold reserves, reinforcing its position as one of the world's most stable emerging economies.

The RBI's balanced approach — combining prudent reserve management with long-term economic stability — is being lauded by market analysts. As India's economy continues to expand and its rupee gains strength, this milestone stands as a shining testament to the nation's fiscal discipline and financial foresight.

## BSNL's 'Made in India' 4G Stack and e-Sanjeevani Reflect India's Sensitivity Toward the Poor: PM

FAIR REPORT



Prime Minister highlighted India's growing commitment to digital inclusion and indigenous innovation, citing the launch of BSNL's Made in India 4G stack and the e-Sanjeevani telemedicine platform as powerful examples of technology serving humanity.

Speaking at a public event, the Prime Minister said these initiatives demonstrate the government's sensitivity toward improving the lives of the poor and marginalized through innovation and connectivity.

"Whether it is BSNL's Made in India 4G stack or the e-Sanjeevani service based on high-speed connectivity, both show how deeply we care about making the lives of the poor better," he said.

The BSNL 4G stack, developed indigenously under the 'Atmanirbhar Bharat' initiative, marks a major step toward self-reliance in telecom technology, reducing dependence on foreign vendors. Meanwhile, e-Sanjeevani, India's digital health platform, has already enabled millions of remote consultations, connecting patients in rural areas to doctors across the country.

Officials said both projects reflect the government's broader vision of digital empowerment with social equity — where technology becomes a bridge, not a barrier. Together, these initiatives underscore India's belief that innovation must uplift the most vulnerable first.

## Counterfeit currency valued at Rs 43 lakh seized in Jaipur

FAIR REPORT

**Jaipur:** In a major operation, the Special Operations Group (SOG) has seized counterfeit currency valued at Rs 43 lakh from the Narayan Vihar area in Jaipur. Acting on intelligence developed over 15 days, the SOG raided a flat on Friday evening and arrested two suspects in possession of fake Rs 500 notes, ADG, SOG, VK Singh said. ADG SOG VK Singh stated that such crimes typically spike during festivals, prompting heightened surveillance. Upon receiving specific inputs, the SOG team, in coordination with Narayan Vihar Police, conducted the raid and recovered the counterfeit currency. Among the recovered items were counterfeit notes valued at Rs 26 lakh and Rs 17 lakh in uncut printed sheets, indicating that some of the fake notes were still in the process of being prepared. Authorities suspect these sheets were brought in from another state and were meant for distribution across Rajasthan and possibly beyond.

## Green Revolution 2.0 - Pushes for Sustainable Farming Future

FAIR REPORT

**Jaipur:** During his visit to his ancestral village Attari in Bharatpur, Chief Minister Bhajanlal Sharma emphasised the importance of adopting modern and sustainable agricultural practices.

Engaging directly with local farmers, he urged them to utilise government schemes, reduce dependence on chemical fertilisers, and embrace innovation to ensure long-term productivity and soil health.

Chief Minister in his ancestral village, Attari, was warmly welcomed by residents. During his visit, he performed religious rituals at the Ghodewala Baba shrine and Chamunda Mata Temple, praying for the prosperity of Rajasthan.

The Chief Minister began his visit with a parikrama (circumambulation) of the village on foot, stopping at every household to greet residents, offer Diwali wishes, and seek blessings from elders.

He also visited his ancestral home, where he touched his mother's feet and inquired about her well-being. At each stop, villagers extended a grand welcome, reflecting their affection for the Chief Minister. Sharma spent time with the community, asking about their families, farming practices, and everyday concerns. His interaction reflected a personal connection, blending tradition with governance.



Addressing a gathering of local farmers, the Chief Minister emphasised the importance of modern, sustainable farming. He encouraged farmers to make use of government schemes aimed at boosting agricultural productivity and income.

"Under Prime Minister Narendra Modi's leadership, we are committed to doubling farmers' incomes and promoting innovation in agriculture," he said.

He warned against the excessive use of fertilisers, which can degrade soil health and cause waterlogging. Instead, he advised farmers to get their soil tested and follow the guidance of agricultural scientists. He also recommended diversifying crops by including pulses and high-value cash crops.

The Chief Minister highlighted how GST reforms are helping farmers access modern equipment at reduced costs. He further stressed the importance of providing quality education and employment opportunities for rural youth, urging families to encourage self-employment alongside traditional job avenues.

**जयपुर स्थापना दिवस समारोह का आगाज :** मोती डूंगरी गणेश मंदिर में की पूजा-अर्चना, शहर की खुशहाली की कामना की

# दोनों मेयर और सांसद ने मिलकर दिया 'एक जयपुर' का संदेश

FAIR REPORT

जयपुर

मोती डूंगरी गणेश मंदिर की घंटियों की गूंज, आरती के स्वर और गुलाबी आसमान के नीचे उमड़ी आस्था की लहरों के बीच शनिवार को जयपुर स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत हुई। भगवान गणपति के धोक लगाकर जयपुर की दोनों मेयर और सांसद ने शहर की खुशहाली की कामना की। साथ ही बीजेपी सरकार के जयपुर निगम को फिर से एक करने के फैसले का इस आयोजन के जरिए संदेश दिया गया। आज से ठीक 1 महीने बाद जयपुर 298 साल का हो जाएगा। ऐसे में शनिवार से जयपुर के बर्थडे को सेलिब्रेट करने के उद्देश्य से जयपुर स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत की गई। खास बात ये रही कि जयपुर फिर एक नजर आया। जहां जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव, ग्रेटर निगम महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने मिलकर मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना कर शहर की खुशहाली की कामना की। इसके बाद शहर के पहले गंगापोल गेट पर प्रथम पूज्य की पूजा-अर्चना कर शहरवासियों के लिए कामना की। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा ने बताया कि जयपुर केवल एक शहर नहीं, बल्कि राजस्थानी कला, संस्कृति और स्थापत्य वैभव का जीवंत प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि 18 नवम्बर, 1727 को जब महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने इस नगर की नींव रखी, तब उन्होंने केवल एक राजधानी नहीं बसाई बल्कि उन्होंने एक स्वप्निल सांस्कृतिक धरोहर की रचना की। इस नगर का हर कोना चाहे वो सिटी पैलेस हो, आमेर हो, या हवा महल और जंतर मंतर सब कुछ जयपुर की भव्यता का परिचायक है। जयपुर की गलियां, चौक, हवेलियां और बाजार आज भी पारंपरिक जीवन शैली, लोककला, हस्तशिल्प, संगीत, नृत्य और रंगों की संस्कृति को संजोए हुए हैं। यहां की मीठी बोली, रंगीन पोशाकें, लोकगीत और लोकनृत्य इस नगर की आत्मा हैं।



## 3 नवंबर को सवाई जयसिंह द्वितीय की जयंती मनाएंगे

वहीं महापौर कुसुम यादव ने बताया कि जयपुर स्थापना दिवस समारोह एक ऐतिहासिक और गौरवशाली अवसर है, जब गुलाबी नगर जयपुर की स्थापना का उत्सव मनाया जाता है। ये दिन जयपुर की समृद्ध संस्कृति, स्थापत्य कला, परंपरा और गौरवशाली इतिहास को याद करने का अवसर होता है। ऐसे में दोनों निगम मिलकर सामूहिक रूप से जयपुर स्थापना दिवस समारोह मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत मंदिर श्री गोविंद देव जी में कत्थक नृत्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वहीं अब आयोजनों की कड़ी में 3 नवंबर को स्टेच्यू सर्किल पर सवाई जयसिंह द्वितीय की जयंती मनाई जाएगी।

## गजेंद्र सिंह बोले- बदलाव की प्रक्रिया निरंतर



FAIR REPORT

जयपुर

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को उदयपुर शहर भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। अभियान के तहत उदयपुर में ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन रखा। इसमें केंद्रीय मंत्री शेखावत ने जीएसटी समेत विभिन्न मुद्दों पर बात रखी और कार्यकर्ताओं से केंद्र की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की अपील की। गुजरात में मंत्रिमंडल फेरबदल पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत बोले, बदलाव की प्रक्रिया भाजपा में निरंतर चलती आ रही है। इससे पहले भी गुजरात में मंत्रिमंडल में बदलाव हुआ था। एक बार फिर फेरबदल देखने को मिला। उन्होंने कांग्रेस व अन्य दलों पर तंज कसा कि यदि गुजरात जैसा फेरबदल अन्य पार्टी में होता तो भारी विरोध देखने को मिलता, लेकिन भाजपा अनुशासित दल है इसलिए यहां सब कुछ सामान्य है।

**अपने गांव अटारी पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनीं**

# 72 लाख किसानों के खाते में ट्रांसफर किए 718 करोड़

FAIR REPORT

जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को भरतपुर दौरे पर रहे। इस दौरान सीएम ने नदबई में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चौथी किस्त जारी की है। इस योजना के तहत प्रदेश के लगभग 72 लाख किसानों के खाते में करीब 718 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। सीएम भजनलाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने किसानों को उनके कल्याण के लिए किसान सम्मान निधि योजना शुरू की थी। राजस्थान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत पौने दो साल में किसानों को 7 हजार 31 करोड़ रुपये से अधिक दिए जा चुके हैं। राज्य सरकार मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6 हजार के अलावा 3 हजार की राशि अलग से प्रदेश के किसानों को देती है।



इसके तहत अब तक 70 लाख से अधिक किसानों को 1 हजार 355 करोड़ रुपये की रकम ट्रांसफर की गई है। इस प्रकार केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को कुल 8,386 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है जो एक रिकॉर्ड है, इसी क्रम में चौथी किस्त के रूप में लगभग 718 करोड़ रुपये किसानों को और दिए गए हैं। इसके बाद सीएम अपने गांव अटारी पहुंचे, जहां पर उन्होंने लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं।

### जूली बोले- एकमुश्त दें 12 हजार रुपए

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री के दौरे पर सवाल खड़े करते हुए वादा खिलाफी करने के आरोप लगाए हैं। जूली ने शनिवार को एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि भाजपा ने कहा था कि सरकार बनते ही 12 हजार प्रति वर्ष के हिसाब से किसान सम्मान निधि के तौर पर किसानों को दिए जाएंगे। लेकिन 12 हजार रुपए देने की बजाय सरकार ने केवल 3000 ही बढ़ाए हैं। वो भी 2 साल बाद दिए जा रहे हैं। सरकार किसानों के खाते में 9000 क्यों दे रही है? टुकड़ों-टुकड़ों में पैसे क्यों दे रही है? सरकार को एक साथ 12 हजार किसानों के खाते में डालने चाहिए। धनतेरस का मौका है और मुख्यमंत्री गृह जिले में हैं। उन्हें घोषणा करनी चाहिए कि हर साल किसानों को एकमुश्त 12 हजार रुपए दिए जाएंगे।

## मेहंदीपुर बालाजी में 34 मिनट बंद पर्दों में अनुष्ठान



मुख्यमंत्री शनिवार को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे। उन्होंने यहां 34 मिनट विशेष पूजा-अर्चना की। यह अनुष्ठान बालाजी महाराज की प्रतिमा के सामने पर्दे लगाकर किया गया। इस दौरान महंत डॉ नरेशपुरी ने पूजा संपन्न कराई। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से प्रदेश के हर नागरिक, किसान, मजदूर, युवा और महिला के जीवन में सफलता और प्रसन्नता की कामना की। दर्शन और पूजा कार्यक्रम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ।

**खुद के बच्चों को खिलाने का आरोप**

## आरसीए कन्वीनर ने कमेटी के 3 सिलेक्टर्स को किया सस्पेंड

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) में चयन प्रक्रिया में आरोपों के बाद एडहॉक कमेटी कन्वीनर दीन दयाल कुमावत ने सीनियर सिलेक्शन कमेटी के तीन सदस्यों विलास जोशी, कुलदीप सिंह और विजेंद्र यादव को निलंबित कर नई सिलेक्शन कमेटी का गठन किया है।

दरअसल, आरसीए मेंटोर पंकज सिंह और राजस्थान जूनियर सिलेक्टर्स ने शिकायत दी थी कि कुलदीप सिंह अपने बेटे को बिना प्रदर्शन के लगातार टीम में शामिल कराने के लिए दबाव बना रहे थे। वहीं, विलास जोशी पर सिलेक्टर रहते हुए मैचों के दौरान मैदान से नदारद रहने और जिम्मेदारी नहीं निभाने का आरोप है। तीसरे सदस्य विजेंद्र यादव पर अपने बेटे की क्रिकेट ड्रेस निर्माण कंपनी को आरसीए टीमों के कपड़े सप्लाई का टेंडर दिलाने के लिए स्टाफ और प्रबंधन पर दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है। कुमावत ने बताया- कमेटी ने सिलेक्शन कमेटियों के गठन के समय ही स्पष्ट कर दिया था कि कोई भी सिलेक्टर परिजनों के पक्ष में दबाव नहीं बनाएगा। आरसीए में सिलेक्शन प्रोसेस में अनियमितता नहीं करेगा और किसी भी व्यवसायिक हित में शामिल नहीं रहेगा। लेकिन सिलेक्टर्स विलास जोशी, कुलदीप सिंह और विजेंद्र यादव द्वारा नियमों के उल्लंघन पर यह कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही हमने नई सीनियर सिलेक्शन कमेटी का गठन भी किया है।

### कार्यशैली पर सवाल उठाए

बता दें कि पिछले दिनों चार सिलेक्टर्स ने आरसीए की एडहॉक कमेटी की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए आरसीए में हुए सिलेक्शन और मेंटोर की कार्यशैली पर सवाल खड़ें किए थे। इसमें उन्होंने सिलेक्शन में गड़बड़ी तक के आरोप लगाए थे। हालांकि एकन्वीनर ने तीन सिलेटर्स के खिलाफ ही कार्रवाई की है।

**इन्हें लिया सीनियर सिलेक्शन कमेटी में**

- राहुल कांवट, चेयरमैन
- सूर्यवीर सिंह, सदस्य
- शमशेर सिंह, सदस्य
- अनिल परमार, सदस्य
- ज़ाकिर हुसैन, सदस्य

## अंता उपचुनाव: भाजपा उम्मीदवार मोरपाल ने दाखिल किया नामांकन

FAIR REPORT

जयपुर

बारां की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शनिवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मोरपाल सुमन ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा सांसद दुष्यंत सिंह और जिलाध्यक्ष नरेश सिकरवार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा प्रत्याशी का नामांकन दाखिल होने के बाद अब अंता विधानसभा क्षेत्र में चुनावी स्थिति पूरी तरह साफ हो गई है। यह मुकाबला अब सीधा और कांटे की टक्कर वाला माना जा रहा है, जो कांग्रेस के कद्दावर नेता प्रमोद जैन भाया और भाजपा के मोरपाल सुमन के बीच होगा।



### अब तक कुल 7 नामांकन दाखिल

अंता विधानसभा में 11 नवंबर को उपचुनाव होने हैं, 21 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। अब तक कांग्रेस प्रत्याशी सहित 7 सात नामांकन दाखिल हो चुके हैं। कांग्रेस की ओर से दो बार मंत्री रहे कद्दावर नेता प्रमोद जैन भाया मैदान में हैं। भाया ने 15 अक्टूबर को नामांकन रैली के दौरान राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं की सभा करके अपनी संगठनात्मक ताकत दिखाई थी। भाजपा ने 17 अक्टूबर को अपने प्रत्याशी की घोषणा की और आज सादगीपूर्वक नामांकन दाखिल करवाया।

## कांग्रेस ने झोंकी ताकत, 40 नेताओं को दी बड़ी जिम्मेदारी

### भाया की पत्नी उर्मिला जैन ने भी भरा अंता से नामांकन



FAIR REPORT

जयपुर

कांग्रेस ने अपने वैकल्पिक प्रत्याशी के तौर पर कांग्रेस के उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया की पत्नी उर्मिला जैन का नामांकन दाखिल करवाया है। शनिवार दोपहर को उन्होंने अंता विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया। कांग्रेस के प्रमुख प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के नाम वापस लेने की स्थिति में उर्मिला जैन को संभावित प्रत्याशी के रूप में घोषित किया जा सकता है। वहीं, किसी अन्य कारण से अगर उनका नामांकन रद्द होता है, तो उर्मिला जैन को ही पार्टी की ओर से प्रत्याशी घोषित किया जाएगा।

FAIR REPORT

जयपुर

अंता उपचुनाव में जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस ने अशोक गहलोत, सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली समेत 40 नेताओं की फौज चुनाव प्रचार के लिए उतार दी है। कांग्रेस ने उपचुनाव के प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है, जिसमें गहलोत, पायलट, डोटासरा, जूली, सुखजिंदर सिंह रंधावा जैसे दिग्गज नेताओं का नाम शामिल है।इनके अलावा डॉ सीपी जोशी, अशोक चंदना, जितेन्द्र सिंह, हरीश चौधरी, मोहन प्रकाश, धीरज गुर्जर, दिव्या मदेरणा शांति धारिवाल, रामलाल जाट, अर्जुन सिंह बामणिया, अशोक चंदना, हरिमोहन शर्मा, मुरारी लाल मीणा, भजन लाल जाटव, उम्मेदा राम बेनीवाल, रामकेश मीणा जैसे अन्य नेता भी हैं। बता दें कि अंता सीट पर उपचुनाव



के लिए 11 नवंबर को मतदान होंगे, जबकि ठीक तीन दिन बाद 14 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। यह सीट बीजेपी से विधायक रहे कंवरलाल मीणा की सदस्यता रद्द होने के बाद खाली हुई है। कंवरलाल मीणा पर 2005 में उपसरपंच चुनाव के दौरान कंवरलाल मीणा पर एसडीएम पर पिस्तौल तानने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा था। जिसके बाद कोर्ट ने उनको 3 साल की सजा सुनाई गई थी।

### त्रिकोणीय मुकाबला

अंता सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस प्रमोद जैन भाया, बीजेपी से मोरपाल सुमन और नरेश मीणा ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा दाखिल किया है। इसके अलावा शनिवार को प्रमोद जैन भाया की पत्नी उर्मिला जैन ने कांग्रेस के वैकल्पिक प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरा है। अंता सीट पर उपचुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है। भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा तीनों अपने-अपने सामाजिक समीकरण साधने में जुटे हैं। जातिगत गणित इस चुनाव की असली कुंजी बन चुका है। अंता विधानसभा में करीब 2.25 लाख मतदाता हैं। इनमें माली समाज के लगभग 45 हजार, अनुसूचित जाति के 35 हजार और मीणा समुदाय के 30 हजार मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

**सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉ. विनय मल्होत्रा को लड़ना है अंता उपचुनाव**

# सरकार ने VRS रोका, हाईकोर्ट ने दिया दखल

FAIR REPORT

जयपुर

जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉ विनय मल्होत्रा अंता विधानसभा उपचुनाव लड़ना चाहते हैं। इसके लिए विनय ने स्वैच्छिक सेवानिवृति के लिए आवेदन किया है। हालांकि सरकार ने डॉक्टरों की कमी का हवाला देते हुए उनको स्वैच्छिक सेवानिवृति देने से मना कर दिया है। इसके बाद डॉक्टर ने इस मामले में राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने इस मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को विनय की सेवानिवृति पर 20 अक्टूबर 2025 की शाम 6 बजे तक निर्णय लेने के लिए कहा है।



### कल शाम 6 बजे तक फैसला लेकर बताएं

राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर होने पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने आदेश दिया कि राजस्थान सर्विस रूल्स नियम 50(1) के मुताबिक यदि आवेदन करने के 3 महीने की अवधि में कोई फैसला नहीं लिया गया, तो स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वतः प्रभावी हो जाएगी। हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि इस मामले में 20 अक्टूबर 2025, शाम 6 बजे तक निर्णय ले और इसकी सूचना याचिकाकर्ता को दें।

### 'पर्याप्त सेवा अवधि पूरी कर ली है'

डॉ विनय मल्होत्रा की ओर से अधिवक्ता अनिता अग्रवाल, लक्ष्मीकांत टेलर ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता ने 7 अक्टूबर 2025 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया था। वह अंता विधानसभा उपचुनाव में नामांकन करना चाहते हैं, जिसकी आखिरी तारीख 21 अक्टूबर 2025 है। उन्होंने पर्याप्त सेवा अवधि पूरी कर ली है। इसलिए उन्हें रिटायरमेंट दिया जाना चाहिए।

### 'चुनाव लड़ना मौलिक अधिकार नहीं'

वहीं इसके जवाब में सरकार की ओर से AAG विज्ञान शाह ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। इसके कारण विनय मल्होत्रा को सेवानिवृत्ति देने से प्रशासनिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ने का अधिकार 'मौलिक अधिकार' नहीं है। साथ ही, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए राज्य सरकार के अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

## पशुधन निरीक्षक भर्ती का रिजल्ट जारी, 2783 पदों पर होंगी नियुक्तियां

FAIR REPORT

जयपुर

पशुपालन विभाग ने दीपावली के अवसर पर पशुधन निरीक्षक भर्ती का परिणाम जारी किया है, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के प्रयासों से पशुधन निरीक्षक (पशुधन सहायक) सीधी भर्ती 2024 के 2783 पदों के लिए प्रक्रिया तेजी से पूरी की गई। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 13 जून को लिखित परीक्षा ली थी, जिसका परिणाम 17 अक्टूबर को जारी कर दिया गया है। मंत्री कुमावत के अनुसार, इन पदों पर नियुक्तियां इसी साल के अंत तक दे दी जाएंगी।

## दीपावली पर देश में बनी वस्तुएं ही घर लाएं: राठौड़

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा नेता देश और प्रदेश में स्वदेशी उत्पाद खरीदने का अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश वासियों से स्वदेशी समान खरीदने का आह्वान फिर किया। राठौड़ ने कहा कि इस बार स्वदेशी उत्पाद व्यापारी बेचे और आम व्यक्ति भी स्वदेशी ही खरीदे ताकि देश का धन देश में रहे। मदन राठौड़ ने प्रदेशवासियों को पांच दिवसीय दीपावली त्योहार की शुभकामनाएं दी। राठौड़ ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि यह दीपावली स्वदेशी वाली मनाएं। दीपावली पर देश में बनी वस्तुएं ही घर लाएं। पीएम के विकसित भारत का सपना साकार करने को भाजपा ने हर घर स्वदेशी और



घर घर स्वदेशी अभियान चला रखा है। स्वदेशी जागरण मंच भी स्वदेशी का भाव जगाने में जुटा है। राठौड़ ने कहा कि सभी स्वदेशी माल खरीदें। देश का धन देश में रहे, यह धन आपके विकास में काम आएगा। नई पीढ़ी स्वदेशी जागरण से जुड़कर काम करें। हम सब संकल्प लें कि वही वस्तु खरीदेंगे जो हमारे देश में बनी हो। कम इन इंडिया मेक इन इंडिया अर्थात भारत में उत्पादित हो रही हर वस्तु स्वदेशी है।

## ब्रीफ खबरें

### 10 हजार दीयों से जगमगाया प्रताप गौरव केन्द्र, की भव्य आतिशबाजी



**उदयपुर।** यहां प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' शनिवार को धनतेरस पर शनिवार को 10 हजार दीयों से जगमगा उठा। केन्द्र में स्थापित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष बड़ा दीपक प्रज्वलित किया गया। इसके बाद हुई आतिशबाजी ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप एवं हल्दीघाटी पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मेवाड़ क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष अशोक सिंह मेतवाला ने किया। इसके बाद वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के उपाध्यक्ष सुभाष भार्गव, उपाध्यक्ष मदन टांक, महामंत्री पवन शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक पुरोहित, मंत्री महावीर चपलोत आदि ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया और उनके दीप प्रज्वलित करते ही कार्यकर्ताओं व शहर से परिवार सहित आए गणमान्यजनों ने पूरे परिसर में दीप प्रज्वलन किया। सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के विशेष अवसर के तहत गौरव केन्द्र के 100 अलग-अलग कोनों में 100-100 दीपक प्रज्वलित किए गए। चूंकि, यह वर्ष हल्दीघाटी विजय का 450वां वर्ष है, इसके तहत मेवाड़ के रणबांकुरों के शौर्य व ऐतिहासिक प्रतिमानों की चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी निरंतर रहेगी।

### किताब के बहाने निकली एमबीए छात्रा ने झील में कूदकर दी जान

**उदयपुर।** उदयपुर की फतहसागर झील में एमबीए छात्रा ने कूदकर सुसाइड कर लिया। छात्रा घर से किताब खरीदने के बहाने निकली थी। तीन महीने पहले उसकी सगाई हुई थी। सुसाइड के कारण अभी तक पता नहीं चल पाए हैं। मामला अंबामाता इलाके का है। एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि मावली निवासी भारती तेली (25) एमबीए की छात्रा थी। 15 अक्टूबर को वह घर पर परिजनों से किताब खरीदने की कहकर निकली थी। दोपहर 3 बजे के बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 17 अक्टूबर




की सुबह 6 बजे मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों ने मोती मगरी क्षेत्र के पास झील में शव देखा और पुलिस को सूचित किया। सिविल डिफेंस टीम को बुलाया, जिन्होंने शव को बाहर निकाला। पहचान होने के बाद परिजनों के आने पर शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

### 'गोचर बचाओ' को लेकर संतों ने दिए महा आंदोलन के संकेत



**बीकानेर।** बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा गोचर और ओरण भूमि के अधिग्रहण के खिलाफ अब जनमानस और संत समाज पूरी तरह एकजुट हो गया। शनिवार को रानी बाजार स्थित आनंद आश्रम में संतों का एक विशाल सम्मेलन आयोजित किया गया, जहां से 'गौचर ओरण बचाओ संघर्ष समिति' ने सरकार को दो-टूक चेतावनी जारी की है। समिति ने स्पष्ट कहा है कि यदि गोचर भूमि के अधिग्रहण का आदेश तुरंत वापस नहीं लिया गया, तो संतों के सान्निध्य में एक 'गोचर बचाओ महाआंदोलन' शुरू किया जाएगा, जिसमें किसी भी हद तक जाने से परहेज नहीं किया जाएगा। इस आंदोलन को सबसे बड़ा समर्थन संत समाज से मिल रहा है, जिन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि गोचर भूमि की किस्म बदलने का कोई भी प्रयास 'प्राणी मात्र' के हितों पर सीधा हमला माना जाएगा। महंत क्षमाराम महाराज ने इस मुद्दे की गंभीरता बताते हुए कहा, 'बीकानेर की गोचर भूमि केवल जमीन नहीं है, बल्कि गौवंश सहित समस्त प्राणी मात्र के जीवन का आधार है। यदि सरकार इसकी किस्म बदलने की कोशिश करती है, तो यह प्राणी मात्र के हितों पर सीधा कुठाराघात होगा। अंधे विकास की यह दौड़ विनाश को आमंत्रित कर रही है।' वहीं, स्वामी विमर्शानंद गिरि ने सरकार को चेताते हुए कहा, 'गौ, गोचर, गायत्री और गोरी हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं।

### इंदौर में पकड़ा रमेश रूलानिया हत्याकांड का चौथा आरोपी जुबैर

**डीडवाना।** जिले के कुचामन सिटी के चर्चित कारोबारी रमेश रूलानिया हत्याकांड में इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आई है। हत्याकांड के चौथे और अंतिम फरार आरोपी जुबैर अहमद को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी डीडवाना पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है, जिसने महज 10 के भीतर इस मर्डर केस के सभी 4 आरोपियों को देश के अलग-अलग हिस्सों से पकड़ लिया है। नावां थानाधिकारी नंदलाल रिणवा के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम आरोपी जुबैर अहमद को लेने इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है। उम्मीद है कि पुलिस टीम आरोपी को



रविवार तक कुचामन थाना लेकर पहुंचेगी, जहां उससे विस्तृत पूछताछ की जाएगी। हत्याकांड के शेष 3 मुख्य आरोपी गणपत, धर्मेंद्र और महेश को पुलिस ने एक दिन पहले कोलकाता से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने खुलासा किया था कि हत्या को अंजाम देने के बाद चारों आरोपी अपनी पहचान छुपाने के लिए बेहद शातिर योजना पर काम कर रहे थे।

## धनतेरस पर किसानों को मिली सौगात

# मुख्यमंत्री ने जारी की किसान सम्मान निधि की चौथी किश्त

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बड़ी सौगात दी। शनिवार को मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चतुर्थ किश्त का वर्चुअल हस्तांतरण किया। इस अवसर पर राज्यभर के लाखों किसानों के खातों में सीधे राशि ट्रांसफर की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तर पर भी किया गया, जिसमें किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

चित्तौड़गढ़ जिले में यह कार्यक्रम जिला परिषद के ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, जिला कलक्टर आलोक रंजन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विनय पाठक, सहकारिता विभाग से सुनील व्यास, कृषि विभाग के उपनिदेशक दिनेश जागा, उद्यान विभाग से डॉ. शंकरलाल जाट, रतनलाल गाडरी, रघु शर्मा, सुनील कुमार व्यास सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान चित्तौड़गढ़ जिले के सेमलपुरा निवासी किसान प्रहलादराय तेली से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने किसान से पूछा कि वे सरकार की किन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। किसान प्रहलादराय ने बताया कि उन्हें पशुधन गोपालन योजना के तहत 1 लाख का बिना ब्याज लोन मिला है, जिससे उन्होंने दो पशु खरीदे। इससे उनकी आय में बढ़ोतरी हुई है और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं ने गांवों के किसानों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया है।

कार्यक्रम के दौरान जिलेभर से आए किसानों ने भी मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत किया और खुशी जताई। कई किसानों ने कहा कि धनतेरस जैसे शुभ अवसर पर सरकार की यह सौगात उनके लिए "डबल दिवाली" से कम नहीं है।

केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक नानालाल चावला ने जानकारी दी कि जिले के 2 लाख 27 हजार 119 किसानों को आज चौथी किश्त की राशि ट्रांसफर की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि और कृषि आधारित आजीविका को स्थायी बनाना है।

## पैतृक गांव अटारी पहुंचे मुख्यमंत्री शर्मा, लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद

# जनसुनवाई कर आत्मीयता से आमजन से मिले सीएम

FAIR REPORT

भरतपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को अपने पैतृक गांव अटारी पहुंचे, जहां लोक देवता घोड़े वाला बाबा तथा चामुंडा माता मंदिर के धोक लगाकर पूजा की और देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना की। अटारी गांव में मुख्यमंत्री ने बड़े बुजुर्गों से मिलकर आशीर्वाद लिया तथा हाल-चाल पूछ कर घर-परिवार खेती-बाड़ी की जानकारी ली। उन्होंने गांव में पैदल परिक्रमा कर घर-घर जाकर लोगों से दीपावली की रामा-श्यामा की तथा बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री गांव में अपने पैतृक घर पहुंचे, जहां मां के चरण छूकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री शर्मा ने नदबई में बनने वाले राजकीय जिला अस्पताल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसकी निर्माण लागत लगभग 50.88 करोड़ रुपए होगी।



शर्मा का घर-घर हुआ भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री शर्मा का अटारी गांव में घर-घर पर स्वागत हुआ। ग्रामीणों से उन्होंने आत्मीयता से मिलकर हाल-चाल जाने तथा खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने किसानों से जनसुनवाई में एक-एक व्यक्ति से मिलकर समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के लिए निर्देश दिए।

### क्षेत्र के किसानों से हुए रूबरू

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान आधुनिक खेती अपनाकर सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। उर्वरकों का ज्यादा उपयोग करने से मिट्टी का उपजाऊपन खत्म हो रहा है। इस कारण जलभराव की समस्या रहती है। उन्होंने किसानों को आह्वानन किया कि मिट्टी की जांच करवा कर कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करें। उन्होंने किसानों को दलहन एवं नगदी फसलों का चयन करने केंद्र व राज्य सरकार की कृषि के नवाचारों की योजनाओं को अपनाने का आह्वान किया।

### नायब तहसीलदार के 'सुसाइड' से मचा हड़कंप



**हनुमानगढ़।** जिले के भादरा के नायब तहसीलदार नरेंद्र ने अपने सरकारी क्वार्टर में आत्महत्या कर ली। नायब तहसीलदार नरेंद्र साहू का शव शनिवार सुबह उनके कमरे में फंदे से लटका मिला है, जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस में हड़कंप मच गया है। भादरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतरवाया है और उसे भादरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में भिजवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नायब तहसीलदार जैसे महत्वपूर्ण पद पर तैनात अधिकारी की आत्महत्या की खबर मिलते ही, पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी तुरंत सरकारी क्वार्टर पहुंचे। पुलिस ने फिलहाल कमरे को सील कर दिया है और आत्महत्या के कारणों की गहनता से पड़ताल शुरू कर दी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ है।

## पिता ने बेटियों को बनाया कमाई का जरिया, बना ली लुटेरी दुल्हन गैंग

FAIR REPORT

सीकर

जयपुर और सीकर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक पिता ने अपनी दो बेटियों को कमाई का जरिया बना लिया। वह अपनी अनपढ़ बेटियों की शादी कर लड़के वालों से लाखों रुपए ऐंठता था। हैरत की बात यह है कि दोनों बेटियों ने भी अपने लग्जरी शौक पूरे करने के लिए पिता का साथ दिया। इस काम में मां और भाई भी शामिल हो गए। इस तरह पूरा परिवार मिलकर 'लुटेरी दुल्हन गैंग' बना लिया।

दरअसल सीकर जिले के दातारामगढ़ थाना पुलिस ने लुटेरी दुल्हन काजल को गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई पुलिस ने एक वर्ष



पूर्व ताराचंद निवासी खाचरियावास ने रिपोर्ट दर्ज करवाने के बाद की थी। शिकायत के अनुसार पीड़ित ने बताया था कि उसके बेटों की शादी काजल और कुंतल नाम की दो लड़कियों के साथ हुई थी। जिसके बदले में उन्होंने लाखों रुपए शादी के एवज में दिए थे। शादी के एक दिन बाद काजल और कुंतल दोनों बहने अपने माता-पिता और भाई के साथ फरार हो गई थी। मास्टरमाइंड पिता भगत सिंह, उसकी पत्नी सरोज और दोनों बेटियां काजल और तमन्ना गिरफ्तार हो चुकी हैं। इनके भाई अभी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। भगत सिंह मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

## 32 साल पुराने मर्डर केस के 3 आरोपी जोधपुर हाईकोर्ट से बरी

FAIR REPORT

जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर पीठ ने 32 साल पुराने हत्या मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को रद्द कर तीनों आरोपियों को बरी किया है। जस्टिस फरजंद अली ने ये फैसला सुनाया। जस्टिस फरजंद अली ने अपने रि-पोर्टेबल जजमेंट में रामस्वरूप, दलीप सिंह और ताराचंद को निचली कोर्ट की ओर से सुनाई गई सजा रद्द कर सभी आरोपों से बरी किया है। कोर्ट ने पाया कि मृतक काशीराम को लगी गंभीर चोटें केवल दो अन्य आरोपियों फुलाराम और रामचंदर द्वारा वार करने से लगी थी,



जिनकी अपील के लंबित रहते मौत हो चुकी है। कोर्ट ने टिप्पणी की है कि केवल घटनास्थल पर मौजूदगी से अपराध साबित नहीं होता। दरअसल, यह मामला 12 सितंबर 1992 को श्रीगंगानगर जिले के गांधी बाड़ी, तहसील बादरा में हुई एक हत्या से संबंधित है। उस दिन सुबह 9 बजे आरोपी फूलाराम ने सिंगाराम के घर जाकर गालियां दीं और जब उनकी पत्नी रेशमा ने विरोध किया तो उसे लाठी से मारा। इसके बाद जब सिंगाराम अपने रिश्तेदारों काशीराम, रामकृष्ण और शंकरलाल को बुलाने गए और वापस लौट रहे थे, तो फूलाराम के घर के पास लाठियों से हमला कर दिया।

## बसों की होगी जांच, नियम तोड़ने पर सीज, मोडिफाइड बसों की बॉडी कटवाकर मूल स्वरूप में लाना होगा

# जैसलमेर बस अग्निकांड के बाद जागी 'सरकार'

FAIR REPORT

जैसलमेर

जैसलमेर की दर्दनाक बस दुर्घटना के बाद अब परिवहन विभाग हरकत में आया है। हादसे में कई लोगों की जान जाने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सख्त निर्देश दिए हैं कि बसों की सुरक्षा जांच अभियान तुरंत शुरू किया जाए। लंबे समय से बसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के बावजूद विभाग की चुप्पी अब सवालों में है। इसी बीच, जयपुर सहित पूरे प्रदेश में 27 अक्टूबर से 'सुरक्षित सफर योजना' शुरू की जा रही है, जिसके तहत बसों की संरचना, सुरक्षा उपकरण और आपातकालीन निकास की सघन जांच होगी। दुर्घटना के बाद अब प्रदेश में बसों की सुरक्षा जांच अभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रादेशिक परिवहन विभाग ने 'सुरक्षित सफर योजना' लागू करने की घोषणा की है। इस अभियान का उद्देश्य बसों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अभियान दो चरणों में चलेगा, पहले चरण में बस ऑपरेटरों को जागरूक किया जाएगा और दूसरे चरण में नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग के मुताबिक, 'सुरक्षित सफर योजना' का संचालन 27 अक्टूबर से 30 नवंबर तक किया जाएगा। पहले चरण में 27 से 31 अक्टूबर तक उड़न दस्ते सड़क पर उतरेंगे और बस ऑपरेटरों के साथ मिलकर समझाइश अभियान चलाएंगे। इस दौरान बसों में आपातकालीन द्वार, अग्निशमन यंत्र, स्लीपर बसों में हैमर की उपलब्धता, वाहन की बॉडी संरचना और लगेज कैरियर जैसी सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। 1 नवंबर से 30 नवंबर तक दूसरे चरण में उन बसों पर कार्रवाई होगी जो सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रही होंगी। ऐसे वाहनों के चालान बनाए जाएंगे, जरूरत पड़ने पर जब्त किया जाएगा।



### 23वीं मौत, महिपाल सिंह ने दम तोड़ा

बस हादसे में एक और मौत हो गई है, शनिवार दोपहर को महात्मा गांधी अस्पताल में वेंटिलेटर पर चल रहे पोकरण निवासी 19 वर्ष के महिपाल सिंह ने दम तोड़ दिया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. फतेह सिंह भाटी ने इसकी पुष्टि की है। मृतक का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। महिपाल 35 से 40% ही झुलसे थे, लेकिन उनके लंग्स में जहरीला धुंआ चले जाने से वे महात्मा गांधी अस्पताल में वेंटिलेटर पर थे। डॉक्टर के तमाम प्रयास के बावजूद महिपाल की मृत्यु हो गई।

### इमरजेंसी गेट के आगे लगी थी सीट

हादसे के बाद जयपुर से आई टीम घटना स्थल पर पहुंची। टीम की ओर से अब तक की हुई जांच में इस हादसे का सबसे बड़ा कारण बस की बॉडी और इसके स्ट्रक्चर को लेकर आया है। इसमें बड़ी खामियां मिली हैं। बस कंपनी ने इमरजेंसी गेट के आगे दो सीट लगा दी थी। ऐसे में बस के पीछे मौजूद इमरजेंसी गेट का रास्ता छोटा हो गया था। ऐसे में लोग निकल नहीं पाए और जल गए। वहीं ये भी सामने आया कि बस की बॉडी में लगे सामान ऐसे थे जिन्होंने आग को भड़काया। बस की बॉडी बनाने वाले ने इसकी लंबाई भी गलत तरीके से बढ़ाई थी।

# Fire Breaks Out in Tailoring Shop in Chittorgarh Controlled in Two Hours, Losses Worth Lakhs

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** A fire broke out on Saturday morning in the three-story building of New India Tailors, located in front of the Animal Hospital in Chittorgarh. The fire started in the basement and smoke quickly spread throughout the building. Two employees trapped on the upper floor were safely rescued by the fire brigade using a long ladder. Fortunately, no one was injured, but goods worth lakhs of rupees were destroyed.

Fire started around 6:30 am from the basement

Eyewitnesses said the fire began around 6:30 am. The control room was alerted immediately. When the fire brigade arrived, the entire building was filled with smoke. The biggest challenge was that the fire was in the basement, making it difficult to carry pipes and equipment. Smoke and heat made firefighting very challenging.







Six fire trucks brought to the site

Fire officer Devendra Menaria said that to control the fire, four municipal, one Zinc company, and one Birla company fire truck were called to the scene. Water was sprayed on all floors of the building as a safety measure. After about two hours of continuous effort, the fire was brought under control by 9 am.Employees working late due to Diwali orders

Master tailor Shahid said that due to the busy Diwali season, work was ongoing day and night. Two employees — Yogesh and Leharu — stayed on the upper floor after finishing late-night work. When the fire broke out, they got trapped, but the fire brigade rescued them safely using a ladder.

**Clothes and raw materials completely burnt :** Shahid said that a large stock of finished clothes and raw sewing materials for Diwali was kept in the basement, which was completely destroyed in the fire. "Nothing could be saved. Losses are worth lakhs of rupees," he said.

The shop owner, M.S. Khan, said that the staff immediately informed the control room after noticing the fire. He added that many clothes and finished garments kept for Diwali orders were now completely destroyed.

**Short circuit suspected :**Chowki police officer Tulsiram arrived at the site with his team and cleared the surrounding area for safety. The fire brigade managed to bring the fire under control after about two hours. Preliminary investigation suggests that a short circuit may have caused the fire, though final confirmation will come after a detailed report.

## Maharashtra Launches Health 'War Room' to Eliminate Welfare Duplication and Plug Leakages



FAIR REPORT

**New Delhi:** In a decisive move to bring order to its sprawling web of public health and welfare schemes, the Maharashtra government has launched a dedicated "Health War Room" — a central command unit designed to integrate all state and Central health programs under one system. The initiative aims to end duplication of benefits, tighten oversight, and ensure that every rupee reaches the right beneficiary. The 12-member task force, chaired by Praveen Pardeshi, CEO of the Maharashtra Institution for Transformation (MITRA), will coordinate between key departments including public health, social justice, women & child welfare, tribal development, and medical education. Officials say the decision follows repeated instances of individuals drawing benefits from multiple schemes — a loophole that drained public funds and slowed service delivery. "We are creating one unified structure that brings transparency, efficiency, and accountability to health welfare," a senior official said.

A new toll-free helpline (1800-123-2211) will soon connect citizens to all government health services through a single platform. The "war room" represents Maharashtra's shift from reactive governance to real-time monitoring — signalling that the state is ready to fight inefficiency in the health sector with the precision of a battlefield strategy.

## "Absolute Rank Scam": Supreme Court Blasts Rajasthan Housing Board Over Massive Land Grab

FAIR REPORT

**New Delhi:** The Supreme Court of India has ripped into the Rajasthan Housing Board (RHB), calling the large-scale encroachment of its acquired land an "absolute rank scam." In a searing judgment, the court said the scandal reflects "collusion from top to bottom" — a damning indictment of Rajasthan's bureaucracy, politicians, and real-estate power brokers.

Hearing petitions on encroached land originally meant for public housing, the bench said the case was not one of negligence but of "organized corruption." The court has ordered a full audit of all RHB-acquired lands and demanded accountability from the state government.

Investigations reveal how prime tracts in Jaipur, Jodhpur, and Alwar — once earmarked for affordable housing — were quietly usurped and converted into commercial properties. Forged allotment papers, fake records, and political protection allowed the scam to flourish for decades. Thousands of middle-class families were left in limbo while land sharks profited from public assets. "This is not mere maladministration — this is a breach of public trust," the bench remarked.

The verdict exposes the deep rot in Rajasthan's land governance system, where public interest has been repeatedly sacrificed for private gain. Experts say the fallout could be historic — leading to demolitions, criminal prosecutions, and sweeping administrative reforms.

The Ashok Gehlot-led government now faces immense pressure to act decisively. The court has sought a time-bound action plan and warned against bureaucratic evasion. Political observers believe the issue could redefine Rajasthan's urban policy — and test the credibility of its institutions.

## RSS moves HC after K'taka govt denies permission for centenary march

FAIR REPORT

**Bengaluru:** The Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS) has approached the Kalaburagi Bench of the High Court challenging the Chittapur Tahsildar's order denying permission for its centenary procession in Chittapur town.

The centenary march was scheduled for Sunday, but earlier, the authorities had removed saffron flags, the Bhagwa Dhwaj, banners, and buntings in Chittapur. The development has drawn keen interest, with all eyes now on the court's verdict. BJP leaders are optimistic that the court will grant permission for the procession. Chittapur constituency is represented by Minister for RDPR, IT, and BT Priyank Kharge. Following his letter, the government issued an order making it mandatory for private organisations to obtain prior permission from the authorities to hold events in public places. The Tahsildar denied permission for the RSS procession, citing potential law and order issues. However, the RSS has contested this decision in court, arguing that its right to hold the procession cannot be denied. Tahsildar Nagayya Hiremath stated that a report was sought from the Police Sub-Inspector of Chittapur police station. The police report mentioned that the Bhim Army had also submitted a letter seeking permission to hold a procession on the same route. Intelligence inputs further suggested that the RSS foot march was being organised deliberately in response to the arrest of an RSS worker for allegedly threatening Minister Priyank Kharge.

## Condolences Pour In as Uday Soni, Husband of Congress Veteran Ambika Soni, Passes Away

FAIR REPORT

**New Delhi:** The Congress party was enveloped in grief on Saturday following the demise of Shri Uday Soni, husband of senior Congress leader and Congress Working Committee (CWC) member Smt. Ambika Soni. Leaders across the political spectrum expressed their condolences, remembering him as a dignified and supportive presence in public life.

In a message shared on social media, several Congress leaders, including Mallikarjun Kharge, Rahul Gandhi, and Priyanka Gandhi Vadra, conveyed deep sorrow, extending their solidarity to Ambika Soni and her family. "Saddened to learn about the passing of Shri Uday Soni Ji. My deepest condolences to Ambika Ji and her family in this moment of grief. My thoughts are with them," one message read. Ambika Soni, a veteran parliamentarian and one of the Congress party's most respected voices, has been a central figure in Indian politics for decades. Her husband Uday Soni, though largely away from the limelight, was known among close circles for his humility and quiet strength.

The Congress family described the loss as "deeply personal," standing with Ambika Soni in her bereavement. Funeral details are awaited.

## Beyond Blame: The Moral Root of Division



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

Journalist

**Jaipur:** In every age, societies have sought to answer one haunting question — what truly divides us? Is it religion, caste, or creed? Or is it something subtler — the way we interpret guilt and innocence? The root of division is not crime itself, but the bias in how crime is understood. When an injustice occurs, we often shift our gaze from the deed to the doer's identity. Instead of asking what happened, we ask who did it — Hindu or Muslim, upper caste or lower, insider or outsider. From that moment, justice begins to decay, and prejudice takes its place. A crime, in its essence, is individual — born of personal intent, not collective identity. Yet societies repeatedly commit the moral error of attaching the burden of one person's sin to an entire community.

The consequence is devastating: the real criminal hides behind the smokescreen of communal blame, while society turns against itself. In contrast, Islam's civilizational message introduced a radical equilibrium — the idea of the Ummah, a unified human community bound by justice, not blood. Its ethical foundation was simple yet revolutionary: a person is judged by deed, not descent. It is a truth echoed in every great faith and philosophy — that character transcends birth, and righteousness defies boundaries. Today, our challenge is not to cleanse the world of crime, but to cleanse our conscience of bias. Caste and religion will continue to fracture humanity as long as we let identity overshadow morality. A just society does not ask who committed the wrong — it asks what wrong was committed.

Only when we learn to see beyond the veil of identity can we rebuild the moral architecture of civilization.

# India-Indonesia Relations Get a New Boost

## Chittorgarh's Dr. Subhash Sharma's Visit Marks a Milestone

**Under PM Modi's leadership, India is uniting the world with the spirit of 'Vasudhaiva Kutumbakam': Dr. Sharma**

FAIR REPORT

**Chittorgarh**: Bharatiya Janata Yuva Morcha (BJYM) leader Dr. Subhash Sharma has returned to India after completing his successful diplomatic and business visit to Indonesia. The visit is being seen as an important step toward strengthening economic, technical, and industrial cooperation between India and Indonesia.During his stay, Dr. Sharma held important meetings with senior ministers, top officials, representatives of the Ministry of Trade and Commerce, and various industrial organizations of Indonesia. He was given a special welcome in the West Java region, where he observed ongoing development projects and industrial progress. Dr. Sharma also inspected Indonesia's high-speed bullet train project, which is operating successfully. Interacting with railway officials and passengers, he learned how the project has brought positive changes to people's lives — saving



time, generating employment, and connecting remote areas more efficiently. He noted that India's ongoing India-Japan Bullet Train project is among the most advanced in the world and that Indonesia's experience will help India in implementing its own system effectively.

**Speaking to Indonesian media, Dr. Sharma said,**

"Under the leadership of Prime Minister Narendra Modi, India is not only focusing on its own growth but is also working to unite the world — especially Southeast Asia — with the spirit of Vasudhaiva Kutumbakam (The World is One Family). India is strengthening the concept of the Global South by building bridges of technical, economic, and humanitarian cooperation."

Dr. Sharma expressed his gratitude to Prime Minister Narendra Modi, the BJP leadership, and MP Dr. C.P. Joshi for their constant support and trust. He added that the visit revealed huge business and trade opportunities for entrepreneurs from Rajasthan in Indonesia and other Southeast Asian countries. In the coming months, several delegation visits are being planned, which will further strengthen the economic ties between the two nations.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**